NEWS CLIPPING:09.04.2022

AAJ SAMAJ

बुनियादी योग्यताओं पर काम करें पत्रकार : प्रकाश

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा आयोजित विशेषज्ञ वक्ताओं की दो दिवसीय मास्टर क्लास व्याख्यान श्रृंखला यहां संपन्न हो गई। व्याख्यान श्रृंखला के दूसरे दिन जी न्यूज के एसोसिएट एडिटर अमित प्रकाश तथा संसद टीवी से गीतांजलि राघव मुख्य वक्ता रहे। एक न्यूज चैनल के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध को ग्राउंड जीरो में कवर करने वाले अमित प्रकाश ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अवसरों और चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार के लिए क्षेत्र के हालात को समझना बहुत जरूरी है। ऐसा भी हो सकता है कि किसी पत्रकार को उस क्षेत्र में रिपोर्टिंग करने के लिए भेजा गया हो, जहां वह मूल भाषा नहीं जानता है। ऐसे में भी अगर पत्रकार वहां की भावनाओं को समझें तो वह उस क्षेत्र से रिपोर्ट कर सकता है, भाषा से ज्यादा भावनाएं महत्वपूर्ण हैं। प्रकाश ने कहा कि वर्तमान समय में जब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बहुत तेजी से बदल रहा है, एक पत्रकार के लिए यह आवश्यक है कि वह हमेशा शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक स्तर से तैयार रहे। समाचार पत्रों को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रिपोर्टर के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बताया। पत्रकारिता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए ह्यशब्द बदलो, दुनिया बदलो का मंत्र दिया।

NEWS CLIPPING:09.04.2022

HINDUSTAN

वाईएमसीए में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग की ओर से जारी दो दिवसीय मास्टर क्लास कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे आतिथियों ने छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अवसरों और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही विभिन्न मीडिया के लिए रिपोर्टिंग और लेखन कौशल पर चर्चा की। कार्यक्रम के समन्वयक एवं विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह मलिक ने कहा कि छात्रों की जानकारी बढ़ाना ही मकसद था। विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने सभी का आभार जताया।